प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद देवरियाँ, उ0प्र0।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एस0एस0–विजिट / 2020–21 / 1518 दिनांक 01-7-2021

विषय :– राज्य स्तर की टीम द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के कम में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या– एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक 06.08.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय टीमों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपदों के भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के कम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 08.03.2021 से दिनांक 10.03.2021 तक जनपद देवरियाँ का भ्रमण किया गया एवं संचालित स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण किए जाने के सम्बन्ध में अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी है।

उक्त आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुये बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का सुनिश्चित् करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय

(निशान्त कुमार जायसवाल)
उपमहाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एस0एस0–विजिट / 2020–21 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
6. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, देवरियाँ।

(निशान्त कुमार जायसवाल)
उपमहाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य

# भ्रमण आख्या जनपद–देवरियाँ

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड.ई0 / 2020–21 / 18–2192–2 दिनांक 06.08.2020 तथा पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड.ई0 / 2020–21 / 18–6826 दिनांक 02.02.2021 में दिए गए निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक **08–10 मार्च 2021** को भ्रमण दल द्वारा जनपद देवरियाँ का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार हैः–

1. गौरव सहगल, परामर्शदाता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. आदेश शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

**जनपद– देवरियाँ की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है–**

| क्र. स. | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | **हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, परसिया मिश्र, विकास खण्ड–मझगवा (सदर) जनपद–देवरियाँ (भ्रमण तिथि 09.03.2021)** | | |
| | • भवन तैयार है तथा ब्रान्डिंग भी कर दी गयी है किन्तु भवन अभी तक विभाग को हस्तांतरित नही हुआ है।<br>• भ्रमण के समय भवन पर ताला लगा हुआ था तथा कर्मचारियों द्वारा पुराने भवन में बैठकर कार्य किया जा रहा था।<br>• गत् तीन माह की कुल ओ0पी0डी0 720 है।<br>• केन्द्र पर ड्लिीवरी सम्बन्धित सेवाये उपलब्ध नही है।<br>• केन्द्र पर रेफ्रिजरेटर नही है।<br>• केन्द्र पर एंटीबायोटिक दवाओं का अभाव है।<br>• केन्द्र पर कन्डोम बाक्स नही लगा हुआ है।<br>• विभिन्न प्रपत्र अव्यवस्थित रूप से रखे हुये है।<br>• साफ–सफाई संतोषजनक नही है।<br>• सी0एच0ओ द्वारा मात्र मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच की जा रही है किन्तु यूरिन तथा डेंगू की जांचे नही की जा रही है परन्तु स्क्रीनिंग हेतु पृथक से पंजीका का संधारण नही किया गया है। पंजीका में केवल उच्च रक्त चाप एवं उच्च शुगर वाले रोगियो का ही विवरण अंकित किया गया है।<br>• केन्द्र पर फेमिली फोल्डर का अभाव पाया गया तथा अवगत कराया गया कि आवश्यक फेमिली फोल्डर उपलब्ध नही करायें गयें।<br>• Collection of Sputum Samples नही किया जा रहा है।<br>• केन्द्र पर पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध नही | • भ्रमण के समय जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उपस्थित थे। उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• उचित तरीके पंजीकरण संधारण करने हेतु अभिमुखीकृत किया गया एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धी प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर |

<table>
<tr><td></td><td>है।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट भी नही है।<br>• केन्द्र पर आवश्यक दवाओं का अभाव है।<br>• केन्द्र पर अनमोल पोर्टल पर कार्य नही किया जा रहा है।<br>• कार्य स्थल पर क्रियाशील शौचालय न होने के अभाव में कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को समस्या का सामना करना पडता है।</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="3">हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खुरखुदा विकास खण्ड मझगवा जनपद–देवरियाँ (भ्रमण तिथि 09.03.2021)</td></tr>
<tr><td></td><td>• केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित है किन्तु यहा टेबल्ट/लैपटॉप का अभाव पाया गया।<br>• नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पर गत् माह कुल ओ0पी0डी0 254 थी।<br>• गत् माह कुल 69 ए0एन0सी0 पंजीकृत की गयी<br>• गत् माह केन्द्र पर कुल 13 डिलिवरी हुई।<br>• कुल 13 में से मात्र 05 बच्चों को ही बी0सी0जी0, ओ0पी0वी0 तथा हेप्टाइटिस बी का टीकाकरण हुआ।<br>• लेबर रूम मानकानुसार व्यवस्थित नही है।<br>• पाटोग्राफ नही भरा जा रहा है।<br>• केन्द्र पर उपलब्ध आक्सीजन सिलेण्डर कार्य नही कर रहा था।<br>• केन्द्र पर 24X7 पानी की सप्लाई की व्यवस्था नही हैं।<br>• संज्ञान में लाया गया कि बिजली के वोल्टेज की समस्या होनो के कारण पानी का पम्प अक्रियाशील हो चुका है।<br>• केन्द्र पर दो चिकित्सक, एक लेब टेक्नीशियन, एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स (एम0एच0सी0पी0) तथा एक ए0एन0एम0 तैनात है।<br>• कन्डोम बाक्स नही लगा हुआ है।<br>• गत् माह केन्द्र पर कुल 04 टीबी के मरीजो की पहचान की गयी।<br>• साफ–सफाई संतोषजनक है।<br>• केन्द्र पर रेफ्रिजरेटर उपलब्ध नहीं है।</td><td>• भ्रमण के समय जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उपस्थित थे। उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।</td><td>मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर</td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="3">हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर,सुराह, विकास खण्ड–भलवारी जनपद–देवरियाँ (भ्रमण तिथि 09.03.2021)</td></tr>
<tr><td></td><td>• केन्द्र सरकारी भवन में संचालित है तथा केन्द्र की ब्राइडिंग हो चुकी है।<br>• केन्द्र के द्वारा लगभग सात हजार की जनसंख्या को कवर किया जा रहा है।<br>• गत् तीन माह की कुल ओ0पी0डी0 780 है।</td><td>• भ्रमण के समय जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उपस्थित थे। उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त के क्रम में आवश्यक</td><td>मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • केन्द्र पर ड्लिीवरी सम्बन्धित सेवाये उपलब्ध नही है।<br>• केन्द्र पर रेफ्रिजरेटर नही है।<br>• केन्द्र पर एंटीबायोटिक दवाओं का अभाव है।<br>• केन्द्र पर कन्डोम बाक्स नही लगा हुआ है।<br>• विभिन्न प्रपत्र अव्यवस्थित रूप से रखे हुये है।<br>• साफ–सफाई संतोषजनक नही है।<br>• सी0एच0ओ द्वारा मात्र मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच की जा रही है। यूरिन तथा डेंगू की जांचे नही की जा रही है। स्क्रीनिंग हेतु पृथक से पंजीका का संधारण नही किया गया है।<br>• Collection of Sputum Samples नही किया जा रहा है।<br>• केन्द्र पर पावर बैकअप की सुविधा है किन्तु इण्टरनेट की सुविधा उपलब्ध नही है।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट नही है।<br>• केन्द्र पर आवश्यक दवाओं का अभाव है।<br>• केन्द्र पर अनमोल पोर्टल पर कार्य नही किया जा रहा है।<br>• केन्द्र पर पुरूष शौचालय की व्यवस्था नही है। | कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• उचित तरीके पंजीकरण संधारण करने हेतु अभिमुखीकृत किया गया एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धी प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। | मैनेजर |
| 4 | **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,सलेमपुर, जनपद–देवरियाँ (भ्रमण तिथि 09.03.2021)** | | |
| | • सी0एच0सी0 पर गत् माह कुल ओ0पी0डी0 6740 थी तथा कुल आई0पी0डी0 199 थी।<br>• केन्द तीस बेड अनुमोदित है। भ्रमण के समय काफी संख्या में रोगी उपस्थित थें।<br>• सी0एच0सी0 पर ए0एन0सी0 पंजीकरण 18 था।<br>• सी0एच0सी0 पर गत् माह कुल प्रसव 197 था।<br>• कुल 186 को बी0सी0जी0, ओ0पी0वी0, हेपेटाइटिस बी0 की खुराक दी गयी।<br>• लेबर रूम एवं न्यू बार्न केयर कार्नर की व्यवस्थायें उत्तम पायी गयी। अवगत कराया गया कि सम्बद्ध स्टाफ नर्स द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेकर लेबर रूम एवं न्यू बार्न केयर कार्नर को नर्स मेण्टर के सहयोग से आदर्श बनाने का प्रयास किया है जो प्रशसनीय है।<br>• प्रत्येक माह की 09 तारीख को होने वाले ए0एन0सी0 पंजीकरण को ही मासिक प्रगति रिपोर्ट में भेजा जा रहा है।<br>• केन्द्र पर भ्रमण टीम को एच0एम0आई0एस0 की रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी गयी।<br>• सी0एच0सी0 एफ0आर0यू0 सेन्टर भी है।<br>• केन्द्र पर चार चिकित्सा अधिकारी, दो फार्मासिस्ट, दो पैथालोजिस्ट, ग्यारह स्टाफ नर्स, एक एल0एच0वी0 तथा एक डेटा इन्ट्री ऑपरेटर | • भ्रमण के समय जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उपस्थित थे। उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तैनात है।<br>● केन्द्र पर एस0एन0सी0यू0 संचालित है।<br>● केन्द्र पर कोई बाल रोग विशेषज्ञ तैनात नही है।<br>● एस0एन0सी0यू0 में के0एम0सी0 यूनिट संचालित है।<br>● केन्द्र पर परिवार नियोजन से सम्बन्धित लॉजिस्टिक उपलब्ध है।<br>● केन्द्र पर लेबर रूम व्यवस्थित है।<br>● केन्द्र पर आवश्यक वैक्सीन उपलब्ध हैं।<br>● केन्द्र पर फेसिलिटी ब्राडिंग की गयी थी।<br>● अवगत कराया गया कि केन्द्र पर आवश्यकता अनुरूप दवाईया उपलब्ध है।<br>● अवगत कराया गया कि बयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एजेन्सी द्वारा उचित प्रकार से सेवाएं दी जा रही है। केन्द्र पर मैकनाइज्ड क्लीनिंग नही होती है।<br>● केन्द्र पर कोल्ड चेन में ईविन लॉगर कार्यरत् है।<br>● केन्द्र पर कन्डोम बाक्स नही लगे हैं।<br>● दोनो आर0बी0एस0के0 टीमों के द्वारा योजना अनुसार कार्य किया जा रहा है।<br>● आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा कुल 79 बच्चों की स्क्रीनिंग की गयी। 10 बच्चों की रोगों/जटिलताओं की पहचान की गयी तथा कुल 04 बच्चों को मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर किया गया।<br>● गत् माह कुल 28 टीबी के मरीजों की पहचान की गयी।<br>● सी0बी0 नेट मशीन के द्वारा गत् माह में कुल 187 जाँच की गयी।<br>● साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>● चिकित्सा अधीक्षक कार्यवश बाहर थे अतः उनसे मुलाकात नही हो सकी। | | |
| 5 | **नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, चकियावा ढाला जनपद–देवरियाँ (भ्रमण तिथि–09.03.2021)** | | |
| | ● नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलेन्स सेंटर के रूप में अधिकृत है।<br>● नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, में लेबर रूम संचालित न होने के कारण डिलीवरी नही हो रही है।<br>● केन्द्र पर बायोमैट्रिक मशीन संचालित नही है।<br>● वायोवेस्ट मैनेजमेंट का कार्य नियमानुसार हो रहा है।<br>● केन्द्र पर एक चिकित्सा सहित कुल 08 | ● भ्रमण के समय जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उपस्थित थे। उनको प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त के कम में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर |

| | | |
|---|---|---|
| स्टाफ कार्यरत् है।<br>• केन्द्र पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की ब्रान्डिंग की गयी हैं।<br>• केन्द्र पर आवश्यक दवाओं का अत्यन्त अभाव है।<br>• परिवार नियोजन सम्बन्धी सेवाएं भी उचित प्रकार से संचालित नही है।<br>• केन्द्र पर कुल 06 सी0सी0टी0वी0 कैमरे संचालित है।<br>• केन्द्र पर साफ–सफाई संतोषजनक है।<br>• अवगत कराया गया कि गत् माह कुल ओ0पी0डी0 985 थी।<br>• गत् माह कुल ए0एन0सी0 रजिस्ट्रेशन 28 है।<br>• केन्द्र पर ओ0आर0एस0 के सैसे तथा जिंक उपलब्ध नही थे।<br>• नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक का पद रिक्त है। | | |

दिनांक 09.03.2021 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया उक्त बैठक में डी0पी0एम0 तथा डी0सी0पी0एम0 द्वारा प्रतिभाग किया गया । भ्रमण दल द्वारा भ्रमण की गयी स्वास्थ्य इकाईयों के विषय में आख्या प्रस्तुत की गयी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया ।

जनपद में लक्षित कियाशील हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों के सापेक्ष कियाशील हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्थिति पर चर्चा की गयी एवं सुझाव दिया गया कि जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा अधिकारी तैनात है एवं जिन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर कम्युनिटी हेल्थ आफीसर तैनात हैं की यथा शीघ्र ब्राडिंग एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराते हुये केन्द्रों को वित्तीय वर्ष 2020–21 में कियाशील कर उनका अंकन पोर्टल पर करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में लाया गया कि जनपद में ई0 संजीवनी (टेली मेडिसीन) माध्यम से जनमानस को सेवायें प्रदान की जानी है। इस हेतु प्रत्येक सी0एच0ओ0 द्वारा न्यूनतम दो परामर्श प्रतिदिन किया जाना आवश्यक/लक्षित है। जनपद में कार्यरत् सी0एच0ओ0 एवं उनके माध्यम से प्रदान की जा रही टेली मेडिसीन सुविधायें लक्ष्य के सापेक्ष काफी कम है। अतः सुझाव दिया गया सी0एच0ओ0 वार समीक्षा कार्यकम को गति प्रदान करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भ्रमण दल के सदस्यों को उक्त समस्त विन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।